**संविधान में 'काम का अधिकार' शामिल करना**

3674. **डा० रामजी सिंह :** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का संविधान में 'काम का अधिकार' शामिल करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का इस प्रयोजन के लिए संविधान में संशोधन करने का विचार है और यदि हां, तो कब ;

(ग) क्या सरकार का विचार इस आशय की घोषणा करने का है कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए पांच से सात वर्ष के अन्दर समयबद्ध कार्यक्रम विभिन्न चरणों में रोजगार की व्यवस्था कर दी जाएगी , और

(घ) प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रत्येक वर्ष रोजगार की व्यवस्था करने पर कितना खर्च आने का अनुमान है और इस बारे में किस प्रकार उपबन्ध किया जायेगा ?

**विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरसिंह यादव) :** (क) और (ख). जी, नहीं ।

(ग) और (घ). योजना आयोग इस समय आगामी पंचवर्षीय योजना तैयार कर रहा है जिसमें रोजगार को बहुत अधिक महत्व दिया गया है । इस पर होने वाले वित्तिधान और संभवत: उपलब्ध हो सकने वाले रोजगार के बारे में ब्यौरे योजना दस्तावेज 1978–83 में दिए जाएंगे ।

**रांची–चाईबासा रोड पर रेलवे फाटक**

3675. **श्री रघु प्रताप षाड़ंगी :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण पूर्व रेलवे में चक्रधरपुर के निकट रांची और चाईबासा मेन रोड पर एक रेलवे फाटक है ;

(ख) क्या चक्रधरपुर से हावड़ा और बम्बई मेन लाइन पर स्थित होने के कारण उक्त रेल फाटक से बहुत सी रेल गाड़ियां गुजरती हैं और रेल फाटक के प्राय: बन्द रहने से लोगों और वाहन यातायात को उस स्थान से निकलने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ; और

(ग) क्या सरकार का विचार लोगों की कठिनाइयों और यातायात को देखते हुए उक्त रेल फाटक के निकट एक अन्डर ब्रिज बनाने का है?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) :** (क) जी हां । यह समपार उस रेलवे के चक्रधरपुर-लोटापहाड़ खण्ड पर है ।

(ख) गाडियों के गुजरते समय इस समपार को थोड़ी देर के लिए बन्द करना पड़ता है ।

(ग) इस समपार के बदले ऊपरी सड़क पुल के निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन है । नक्शे, अनुमान और वर्तमान नियमों के अनुसार अपने हिस्से की लागत वहन करने के बारे में राज्य सरकार के निश्चित आश्वासन की प्रतीक्षा की जा रही है ।

**Shortage of Coal in Punjab**

3676. SHRI MOHINDER SINGH SAYIAN WALA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that due to acute shortage of coal and other raw materials an SOS was sent to him to augment the movement of wagons for quick supply of these commodities; and

(b) if so, what steps have been taken keeping in view the hardships felt in Punjab?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN): (a) Minister of Food & Civil Supplies,